# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026





Experience the
Chaitanya Life
CHAITANYA
GREENS
PREMIUM
3BHK
RESIDENCES
Luxury Homes
24/7 Security
Seamless Connectivity
Great Returns
Thoughtful Design
BRAND-NEW BLOCK | READY POSSESSION
Rera Registration Number
PCGRERA300618000415 | PCGRERA080219000915
Khanna
SADDU, RAIPUR | 847-0077-222

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026


# ज्ञान की नींव, गति का आधार, संकल्प से संवरेगा अब छत्तीसगढ़ का संसार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि वित्तीय पैरामीटर्स पर फाइनेंशियल पैरामीटर्स पर अन्य राज्यों की तुलना करेंगे, तो हम बहुत अच्छी स्थिति में स्टैंड करते हैं। आप कांग्रेस शासित राज्यों को उठा लीजिए, चाहे हिमाचल प्रदेश हो, चाहे कर्नाटक हो, चाहे आम आदमी पार्टी का पंजाब हो, वहां पर तो ये हालात हैं कि कहीं पर एक तारीख को तनख्वाह नहीं मिल पा रहा है, 10-15 तारीख तक अलग-अलग टुकड़ों में कुछ लोगों को मिल रहा है। हम बेहतर स्थिति में हैं। हमारी वित्तीय स्थिति में हैं। हम ऋण ले रहे हैं लेकिन अपनी सीमा में। विकास के लिए ऋण लेना गलत नहीं है। श्री चौधरी ने यह बातें राज्य का वार्षिक बजट पेश करने के बाद सार्थक संवाद कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चर्चा के दौरान कही है। उनसे हुई बातचीत के मुख्य अंश।

## हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से सार्थक संवाद में बोले वित्त मंत्री

■ *शुरुआत इसी बात से कि पहले ज्ञान, फिर गति, अब संकल्प। अमूमन संकल्प पहले होता है फिर ज्ञान और गति की बात आती है। आपने ज्ञान पहले लिया, गति को पहले पकड़ा, उसके बाद संकल्प ले रहे हैं। थोड़ा इसके संदर्भ में दृष्टि देंगे कि ये संकल्प की सोच इस बजट के संदर्भ में आपके जहन में कैसे आई?*


डॉ. हिमांशु द्विवेदी


ओपी चौधरी

■ ज्ञान, गति, संकल्प ये सभी जो केवल शब्द मात्र नहीं हैं, चाहे मानवीय जीवन हो, चाहे सामाजिक जीवन हो या एक राष्ट्र जीवन हो, उसमें अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बिंदु हैं। इनके जो डिटेलिंग हैं कि चाहे गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी के रूप में 'ज्ञान' का या गुड गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ के रूप में 'गति' का, इस तरह के जो की भावना है, जो इसके टर्म हैं, उससे पूरे ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ *आपने काफी विस्तार से बताया, इस संदर्भ में विपक्ष की टिप्पणियां हैं उस पर मैं आगे बात करूंगा, लेकिन अभी आपसे समझना चाहता हूं कि बजट में दो चीजें महत्वपूर्ण होती हैं, आय और व्यय। व्यय के संदर्भ में तो आपने सारी परिकल्पनाएं बताईं, इन्हें तय करते हुए आय के स्तर पर कितना आपके हाथ तंग थे? आय के स्तर पर हम कहां खड़े हैं? तमाम पड़ोसी राज्यों के संदर्भ में देखते हैं, घोषणाएं कर देते हैं, घोषणाओं को पूरा करने के लिए अब तो हालत ये है कि ब्याज देने के लिए भी पैसा बाजार से उठा रहे हैं। छत्तीसगढ़ कहां खड़ा है? ये गारंटी के चक्कर में, घोषणाएं पूरी करने के चक्कर में ऐसा तो नहीं कि कर्ज पर हम महल बनाने की कोशिश कर रहे हैं?*

■ मैं जरूर कहना चाहूंगा कि जो हमारा संकल्प पत्र आया था 2023 के चुनाव की दृष्टिकोण से, वो काफी उसमें बड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य माताओं-बहनों के लिए, किसानों के लिए, युवाओं के लिए बहुत सारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं और हमारे छत्तीसगढ़ में वेलफेयर स्कीम्स पहले से भी बहुत अच्छे तरीके से और ज्यादा चल रही हैं। लेकिन मैं ये कहना चाहूंगा ▶▶| शेष पेज 5 पर






## खबर संक्षेप

### बर्फबारी में फंसे 2,700 पर्यटकों को बचाया

**गंगटोक।** पूर्वी सिक्किम में त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को बचा लिया। शेराथांग और उसके आसपास के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जिससे 15वें मील और त्सोमगो झील के बीच पर्यटकों के 541 वाहन फंस गए। समन्वित प्रयासों के जरिए 2,736 पर्यटकों को लेकर जा रहे सभी वाहनों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से निकाला गया।

### पांच करोड़ की 'याबा' गोलियां जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** पुलिस ने हैलाकांडी जिले से लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिबंधित 'याबा' गोलियां जब्त की हैं और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि 'याबा' गोलियों को 'नशे की गोलियों' के नाम से जाना जाता है। यह मेथामफेटामीन और कैफीन के मिश्रण से बनी एक अत्यधिक नशीला पदार्थ हैं।

### इस्पात क्षेत्र के दिग्गज जतिंदर मेहरा का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के इस्पात और धातु उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। एस्सार समूह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'एस्सार परिवार, जतिंदर मेहरा जी के निधन से बेहद दुखी है। वह भारत के इस्पात उद्योग के सम्मानित दिग्गज थे जिनकी दूरदृष्टि ने एस्सार समूह की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दिशा दी।

## नौ साल में पीएम मोदी दूसरी बार पहुंचे इजरायल, मिला संसद का सर्वोच्च सम्मान

# इजरायल की संसद में हमास पर बरसे पीएम मोदी, कहा- बेकसूर की हत्या बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ▶▶| यरूशलम

*पीएम नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को इजरायल पहुंचे। पीएम मोदी ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए हमास को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बेकसूर नागरिकों की हत्या किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं है। किसी भी कीमत पर निर्दोषों की हत्या को जायज नहीं ठहराया जा सकता। शांति का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता. लेकिन भारत शांति लाने की इस प्रक्रिया में हमेशा साथ है। गाजा शांति प्रयास में भारत आपके साथ है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इजराइल की संसद 'नेसेट' में अपने ऐतिहासिक संबोधन में गाजा शांति पहल को पूरे क्षेत्र के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का मार्ग बताया, साथ ही उन्होंने इजराइल के प्रति एकजुटता का सशक्त संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद चाहे कहीं हो, यह हर जगह की शांति के लिए खतरा है। मोदी ने कहा कि इजराइल की तरह भारत भी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक सुसंगत और अडिग नीति अपनाता है और इसमें कोई दोहरा मापदंड नहीं है। उन्होंने इस खतरे का मुकाबला करने के लिए निरंतर और समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री इजराइल की प्रतिनिधि सभा, नेसेट को संबोधित करने के कई घंटे पहले यहां पहुंचे। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर इजराइल के उनके समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मोदी ने कहा, मैं सात अक्टूबर (2023) को हमास ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मोदी को 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके असाधारण योगदान के लिए बुधवार को 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया। भारतीय प्रधानमंत्री यह पदक पाने वाले पहले नेता हैं। नेसेट स्पीकर अमीर ओहाना ने इजराइली संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद उन्हें यह पदक प्रदान किया। यह पदक भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री के असाधारण योगदान के वास्ते प्रदान किया गया है।





### मोदी दोस्त से बढ़कर...

इजरायली पीएम नेतन्याहू ने संसद में कहा कि पीएम मोदी दोस्त से बढ़कर मेरे भाई हैं। इजरायल आना हमारे लिए गर्व की बात है। इजरायल की संसद के स्पीकर आमिर ओहाना ने पीएम मोदी का संसद में स्वागत करते हुए कहा कि भारत धरती का सबसे तेज विकास करने वाला देश है।

### पीएम मोदी ने रचा इतिहास

पीएम मोदी की नौ साल में इजराइल की दूसरी यात्रा है। मोदी ने आखिरी बार 2017 में इजराइल का दौरा किया था। प्रधानमंत्री मोदी इजरायली संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता बन गए। पीएम मोदी का यह भाषण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई जैसे अन्य विदेशी नेताओं के नेसेट को संबोधित करने के बाद हो रहा है।

### नेतन्याहू ने कहा- आपका और मेरी पत्नी का भगवा मैचिंग-मैचिंग

*इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने रेड कार्पेट पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। जब नेतन्याहू की पत्नी ने पीएम मोदी से हाथ मिलाया तो नेतन्याहू की नजर दोनों की ड्रेस पर पड़ी, फिर क्या था नेतन्याहू ने पीएम मोदी के साथ मजाक कर लिया। नेतन्याहू ने कहा देखिए मेरी पत्नी का भगवा और आपका भी भगवा मैचिंग कर रहा है। फिर तीनों के बीच जमकर हंसी ठहाके चले।*

### इन अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

*पीएम मोदी और नेतन्याहू भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, नवाचार, जल प्रबंधन, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था तथा जन-समुदाय के आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गई।*

## क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठाया

# स्कूल वाहन पलटा, छात्रा की मौत, 13 बच्चे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

बालोद जिले के डौंडी क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में निजी विद्यालय के वाहन के पलटने से एक मासूम छात्रा की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में संचालित आजाद पब्लिक स्कूल की छुट्टी शाम करीब 4 बजे होने के बाद स्कूल का तूफान फोर्स (सीजी 24 एल 3090) बच्चों को छोड़ने निकला था। बताया जा रहा है कि वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक, कुल 32 बच्चे सवार थे। भंडारीपारा, छिंदगांव और मरारटोला में कुछ बच्चों को ड्रॉप करने के बाद शेष बच्चों को आगे छोड़ने के दौरान ▶▶| शेष पेज 5 पर

### चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीण

हादसे के बाद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और एक-एक कर बच्चों को वाहन से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लिम्हाटोला निवासी वेदांती साहू (07) पिता स्वर्गीय चिमनलाल नाले के पानी में मुंह के बल दबी हुई मिलीं। उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### पिता की भी पिछले साल हो चुकी मौत

*बताया गया कि मृतका के पिता चिमनलाल की भी गत 28 जुलाई 2025 को ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी। इस दूसरी दुर्घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और माता वादिनी साहू गहरे सदमे में हैं। थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को घटनास्थल से हटाया गया तथा मामले की जांच जारी है। पुलिस द्वारा लापरवाही के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।*

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार के कचरे को हमने साफ किया, बख्शे नहीं जाएंगे बड़े मगरमच्छ-साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपक्षी दल कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कि कांग्रेस शासन काल में सिंडिकेट बनाकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। मुझे गर्व है कि हमने पांच साल में हुए भ्रष्टाचार के कचरे को साफ किया। भ्रष्टाचार में लिप्त कई बड़े मगरमच्छ जेल जा चुके हैं और बाकी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ▶▶| शेष पेज 5 पर




### नक्सलवाद समाप्त हो रहा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा डबल इंजन की सरकार की इच्छा शक्ति और सुरक्षा बल के अदम्य साहस से नक्सलवाद समाप्त हो रहा है। कांग्रेस सरकार में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ने की इच्छा नहीं थी। केरल से बड़े बस्तर उस दौरान विकास से अछूता रहा। अब वहां नियद नेल्लानार (सुंदर गांव) की योजना बनाकर काम किया जा रहा है। लोग जहां जाने से घबराते थे वहां अब सड़कें बन रही है और अन्य विकास कार्य हो रहे हैं। नक्सलवाद की समस्या समाप्त होने का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके शीर्षस्थ लीडर की मां की बीमारी का इलाज वहीं के अस्पताल में हो रहा है।






## एसीबी टीम ने की कार्रवाई

# 15 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया प्रिंसिपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दिव्यांग व्याख्याता से 15 हजार रिश्वत लेते हुए हायर सेकंडरी स्कूल मोपका के प्राचार्य आरएन बया को एसीबी की टीम ने भाटापारा रेलवे स्टेशन के नजदीक पेट्रोल पंप के पास रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो के निरीक्षक सुरेश सोनी की टीम ने की। जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेमेश्वर डांडे जो कि मोपका में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है, कुछ वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में वह दिव्यांग हो गया और उसे हर माह उसकी सैलरी निकालने में प्राचार्य द्वारा उसे घुमाया व परेशान किया जाता था। कुछ माह पूर्व 10 हजार वेतन आहरण के नाम पर उससे लिया गया था। पिछले छह माह से उसका वेतन को रोककर रखा गया था और वह वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस बात की जानकारी दी थी, जब ▶▶| शेष पेज 5 पर



### किया गया निलंबित

*आरोपी प्राचार्य बया के खिलाफ धारा 7पीसी एक्ट 1988 यथा संसोधित अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की गई। वहीं इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहा द्वारा प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। प्राचार्य बया, जो कि दो-तीन स्कूलों का प्रभारी भी है और उसी के हस्ताक्षर से वेतन निकलता था। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।*




# ‘मेरे कर्मों ने संस्था की साख गिराई’ गेट्स ने रशियन महिलाओं से अफेयर कबूला

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार बिल गेट्स इन दिनों बड़े विवाद के केंद्र में बने हुए हैं। ‘वॉल स्ट्रीट जर्नल’ की रिपोर्ट के मुताबिक, गेट्स ने अपने चैरिटी फाउंडेशन के कर्मचारियों के साथ एक ‘टाउन हॉल’ बैठक में स्वीकार किया कि जेफरी एपस्टीन जैसे अपराधी के साथ समय बिताना उनकी जिंदगी की ‘सबसे बड़ी गलती’ थी। हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी ‘एपस्टीन फाइल्स’ में बिल गेट्स का नाम आने के बाद उन पर दबाव बढ़ गया था। गेट्स ने स्वीकार किया कि उनके एपस्टीन के साथ संबंध 2011 में शुरू हुए थे, जबकि उन्हें पता था कि एपस्टीन पर नाबालिगों के यौन शोषण के आरोप हैं। उन्होंने यह भी माना कि उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स ने 2013 में ही उन्हें एपस्टीन से दूर रहने की चेतावनी दी थी, जिसे उन्होंने अनसुना कर दिया। विवाद को और हवा तब मिली जब गेट्स ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि उनके दो रूसी महिलाओं (एक ब्रिज प्लेयर और एक न्यूक्लियर फिजिसिस्ट) के साथ अफेयर थे।

**‘मुझसे बड़ी गलती हुई, अपनी गलती की जिम्मेदारी लेता हूं’**

## गेट्स के चैरिटी फाउंडेशन ने जारी किया बयान



**गेट्स का दावा, कुछ भी अवैध नहीं**

गेट्स ने स्पष्ट किया कि ये महिलाएं एपस्टीन की शिकार नहीं थीं, लेकिन एपस्टीन को इन संबंधों के बारे में पता चल गया था। गेट्स ने जोर देकर कहा कि उन्होंने कुछ भी अवैध नहीं किया, लेकिन उनके इन फैसलों ने ‘गेट्स फाउंडेशन’ की छवि को नुकसान पहुंचाया है। गेट्स फाउंडेशन के एक प्रवक्ता ने कहा कि गेट्स साल में दो बार टाउनहॉल करते हैं और इस बार उन्होंने खुलकर सवालों के जवाब दिए तथा अपने कार्यों की जिम्मेदारी ली।

### वायरल हुई थी तस्वीरें

गेट्स ने कहा कि हाल ही में जारी एपस्टीन फाइल्स में जिन तस्वीरों में वह कुछ महिलाओं के साथ दिखाई दे रहे हैं, वे तस्वीरें एपस्टीन के कहने पर उसकी सहायिकाओं के साथ बैठकों के बाद ली गई थीं. उन्होंने स्पष्ट किया, ‘मैंने कभी भी उसकी पीड़िताओं या उसके आसपास की महिलाओं के साथ समय नहीं बिताया।’ उन्होंने माना कि एपस्टीन के साथ समय बिताना और गेट्स फाउंडेशन के अधिकारियों को उससे मिलवाना ‘बहुत बड़ी गलती’ थी। गेट्स ने कहा, ‘मेरी गलती के कारण जो लोग इस विवाद में घसीटे गए, उनसे मैं माफी मांगता हूं।’ गेट्स ने बताया कि उन्होंने एपस्टीन से पहली बार 2011 में मुलाकात की थी, जबकि 2008 में एपस्टीन एक नाबालिग को वेश्यावृत्ति के लिए उकसाने के मामले में दोष स्वीकार कर चुका था।

### पूर्व पत्नी की तारीफ

गेट्स ने कहा कि उन्होंने एपस्टीन की बैकग्राउंड की ‘ठीक से जांच’ नहीं की, जबकि उन्हें उसकी यात्रा पर लगे 18 महीने के प्रतिबंध की जानकारी थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 2013 में उनकी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा चिंता जताने के बाद भी उन्होंने एपस्टीन से मिलना जारी रखा। पूर्व पत्नी के बारे में उन्होंने कहा, ‘उन्हें श्रेय देना चाहिए, वह एपस्टीन के मामले में हमेशा संदेह करती थीं।’ रिपोर्ट के मुताबिक, गेट्स ने स्टाफ को बताया कि वह 2014 तक एपस्टीन से मिलते रहे. उन्होंने एपस्टीन के निजी जेट से यात्रा की और जर्मनी, फ्रांस, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में उसके साथ समय बिताया। हालांकि उन्होंने कहा कि वह कभी उसके घर या द्वीप पर रातभर नहीं ठहरे।

---

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में कहा

# ‘हिंदुत्व खतरे में है, कुछ लोग केवल ड्रेस पहनकर खुद को हिंदू बता रहे’

**शंकराचार्य के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण मामले में दर्ज हुई है एफआईआर**

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

*शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रयागराज पुलिस पिछले 3 दिन से वाराणसी में डेरा डाले है। पुलिस उनसे पूछताछ कर सकती है, लेकिन अभी तक आश्रम नहीं पहुंची है।*

सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस फिलहाल शंकराचार्य से जुड़े सबूत जुटाने में लगी है। मामला हाई-प्रोफाइल होने से पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है। माना जा रहा है, पूरी तैयारी और होमवर्क के बाद ही पुलिस शंकराचार्य या उनके शिष्यों से पूछताछ करेगी। उधर, बुधवार को शंकराचार्य ने एक बार फिर मीडिया से बात की। कहा- हिंदुत्व खतरे में है। जब केवल ड्रेस पहनकर लोग खुद को हिंदू बताने लगेंगे और बार-बार हिंदू-हिंदू कहेंगे, तो हिंदू को खतरा होना स्वाभाविक है। हिंदुत्व को हिंदुओं के बीच घुस आए ऐसे लोगों से खतरा है, जो वास्तव में हिंदू नहीं हैं। दिखावे के लिए खुद को हिंदू बताते हैं। उन्होंने कहा- एक-डेढ़ महीने से कहा जा रहा है कि और भी छात्रों का यौन शोषण हुआ है। अगर ऐसा है, तो बाकी लोगों को क्यों बचाकर रखा गया है? अगर किसी के साथ अन्याय हुआ है और सिर्फ दो लोगों से मुकदमा दर्ज कराया गया है, तो इससे पता चलता है कि इसके पीछे साजिश है। जब उन्हें मुफीद होगा, तब उन्हें पेश किया जाएगा। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शंकराचार्य के समर्थन में उतर आई है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में कांग्रेस उनके समर्थन में प्रदर्शन करेगी।

**प्रयागराज पुलिस ने भी काशी में जमाया हुआ है डेरा**



### यह है मामला

प्रयागराज माघ मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य और प्रशासन के बीच स्नान को लेकर विवाद हुआ था, बटुकों के साथ मारपीट की गई थी। इसके 8 दिन बाद 24 जनवरी को जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसमें माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। 13 फरवरी को 2 बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को उनके बयान दर्ज हुए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में शंकराचार्य, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात आरोपी बनाए गए। इसके बाद, 24 फरवरी को शंकराचार्य ने प्रयागराज एडिशनल कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की।

## बटुकों से कुकर्म में कई वीआईपी भी शामिल : आशुतोष ब्रह्मचारी

प्रयागराज। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के मामले में मुकदमे के वादी आशुतोष ब्रह्मचारी ने बुधवार को और नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने लोनिवि के निरीक्षण भवन में हुई प्रेस कांफेंन्स में कहा कि बटुकों से कुकर्म में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ कई वीआईपी लोग भी शामिल हैं, जो इसी तरह का शौक रखते हैं। इसमें उनके आश्रम का सीईओ प्रकाश उपाध्याय, बाल मुकुंदानंद, अविमुक्तेश्वरानंद का गुरुभाई अरविंद, कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के नेता और अन्य वीआईपी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी के खिलाफ इतने सबूत हैं कि किसी का जेल जाने से बच पाना नामुमकिन है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अविमुक्तेश्वरानंद को पर्दे के पीछे से सहयोग करने में उप्र के एक उप मुख्यमंत्री का प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किया, हालांकि उनका नाम बताने से इंकार किया।



**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को विदेश से फंडिंग होती :** ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को विदेश से फंडिंग होती है। उन्हें तो गुरु को उपाधि ही नहीं मिली है। कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार कर तत्काल जेल में डालना चाहिए।

---

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को छुड़ाया

# हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस के 20 जवानों को लिया हिरासत में



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के क़रीब 20 जवानों को हिरासत में लिया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस का कहना है कि दिल्ली पुलिस की टीम बगैर पूर्व सूचना के अंतर-राज्यीय गिरफ़्तारी के लिए आई थी। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में ‘शर्टलेस’ प्रदर्शन करने वाले तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शिमला के रोहड़ू से हिरासत में लिया था। लेकिन सौलन ज़िले में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस की टीम को रोककर उनके क़रीब 20 जवानों को हिरासत में ले लिया। राज्य पुलिस का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस को कोई पूर्व सूचना नहीं दी, जो अंतर-राज्यीय गिरफ़्तारी के लिए ज़रूरी प्रक्रिया है। इससे पहले सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कहा, ‘दिल्ली पुलिस ने हिमाचल सदन में मिडनाइट रेड की। हमारे रेज़िडेंट कमिश्नर को भी इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। मैं इसकी निंदा करता हूं।’ उन्होंने आगे कहा, ‘यह रेड दुर्भाग्यपूर्ण थी और बिना किसी वारंट के की गई. यह ग़लत है और संवैधानिक प्रक्रिया के विरुद्ध है।’

### यह है मामला

गौरतलब है कि दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फ़रवरी को एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के ख़िलाफ़ नारे लगाए थे और प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ भी नारेबाज़ी की थी। इस मामले में अब तक आठ से अधिक यूथ कांग्रेस सदस्यों को गिरफ़्तार किया गया है, जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी शामिल हैं।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

---

बंगाल एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं बोर्ड की मार्कशीट भी जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम स्पष्टता दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि कागजात की जांच के दौरान कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड को सिर्फ एक सहायक दस्तावेज के तौर पर देखा जाएगा। इसके साथ बोर्ड का सर्टिफिकेट लगाया जाना जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने चुनाव आयोग के लिए पेश वरिष्ठ वकील डी एस नायडू की तरफ से उठाई गई शंका पर यह स्पष्टीकरण दिया है। नायडू का कहना था कि कोर्ट ने अपने पिछले आदेश में पहचान दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड और माध्यमिक बोर्ड एडमिट कार्ड के उपयोग की अनुमति दी थी। इसे लेकर भ्रम है क्योंकि चुनाव आयोग सिर्फ 10वीं के सर्टिफिकेट को बतौर दस्तावेज मान्यता देता है।



### यह कहा कोर्ट ने

नायडू ने कोर्ट से पूछा कि क्या एडमिट कार्ड को अकेले पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, ‘हमने एडमिट कार्ड को भी पेश करने की अनुमति इसलिए दी क्योंकि उसमें जन्मतिथि और पिता का नाम जैसी जानकारी होती है। माध्यमिक बोर्ड की तरफ से जारी प्रमाणपत्र में यह जानकारी नहीं होती, लेकिन फिर भी एडमिट कार्ड को स्वतंत्र पहचान प्रमाण के तौर पर नहीं देखा जा सकता।’

---

मेघालय विधानसभा में दिखा अनोखा नजारा

# प्रोजेक्ट में देरी होने पर सीएम पति को विधायक पत्नी ने घेरा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेघालय विधानसभा में मंगलवार को पति-पत्नी के बीच अनोखी बहस देखने को मिली। विधानसभा में बहस के दौरान एनपीपी विधायक मेंहताब चंदी ए। संगमा ने अपने पति और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा से पशुधन शिक्षा प्रोजेक्ट्स पर सवाल किया। अपनी पत्नी के सवाल पर सीएम ने भरोसा दिलाया कि इस प्रोसेस में तेजी लाई जाएगी। सदन में यह मुद्दा उठाते हुए, गैंबेग्रे के विधायक ने 2022 में कैबिनेट द्वारा पहली बार प्रस्तावित एक वेटेरिनरी कॉलेज, दो फिशरी कॉलेज और एक डेयरी कॉलेज की प्रोग्रेस पर क्लैरिटी मांगी, और राज्य भर के वेटेरिनरी ट्रेनिंग सेंटर्स में मैनपावर की कमी का भी जिक्र किया।

### सीएम ने पत्नी के सवाल पर दिया जवाब

सरकार की ओर से जवाब देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इंस्टीट्यूशन्स की योजना पशुधन सेक्टर को मजबूत करने के लिए बनाई गई थी। उन्होंने कहा, ‘ये तीन कॉलेज थे जिन्हें हमने जरूरत के कारण तय किया है, यह ध्यान में रखते हुए कि राज्य की एक बड़ी आबादी पशुपालन में लगी हुई है।’ उन्होंने स्टाफ की कमी पर चिंता जताई और कहा, ‘यह चिंता की बात है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बडों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
गुरुवार 26 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 24, अंक : 217
पृष्ठ : 14+4+4 =22, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 33.1
न्यून. 19.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





03 थियेटर में दर्शकों को दिया सरप्राइज

विचार पेज
02 आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल


# माड़ में डीवीसीएम मल्लेश ओड़ी समेत 18 सक्रिय, समर्पण या मौत के बाद नारायणपुर हो जाएगा नक्सलमुक्त

राजेश दास ▸▸| जगदलपुर

**नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 5**

केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छग के छह जिले में सर्वाधिक नक्सल प्रभावित नारायणपुर भी शामिल है। यहां सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। यही वजह है कि बीते दो साल में 99 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया, जिन पर करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। एक समय माड़ शीर्ष पोलित ब्यूरो व सेण्ट्रल ▸▸शेष पेज 5 पर

## केन्द्र सरकार की सूची में नारायणपुर भी है नक्सल प्रभावित जिले में शामिल

### दो साल में 99 मारे गए 315 ने हथियार डाला

वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों ने नारायणपुर जिले के माड़ में विशेष अभियान चलाकर अलग अलग मुठभेड़ों में 56 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था, वहीं वर्ष 2025 में 43 नक्सली मारे गए थे। इन दो वर्ष में 122 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया तथा 315 ने हथियार डालकर आत्मसमर्पण कर दिया। वर्ष 2024 से 2026 के बीच नक्सलियों के ▸▸शेष पेज 5 पर





**नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन में 36 दिन शेष**

### जल्द ही नारायणपुर जिला होगा नक्सलमुक्त



बीते दो वर्ष में नारायणपुर जिले में सक्रिय दर्जनों शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया गया है। अधिकांश हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। बचे हुए लगभग डेढ़ दर्जन नक्सलियों से समर्पण करने लगातार अपील की जा रही है।
-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर






## खबर संक्षेप

### नौसेना में शामिल होगा आईएनएस अंजदीप

**चेन्नई।** भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की



दिशा में 27 फरवरी को चेन्नई बंदरगाह पर 'डॉल्फिन हंटर' पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है।

### दुल्हन को कथित प्रेमी ने गोली मारी

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में एक विवाह समारोह के दौरान दुल्हन को उसके कथित प्रेमी ने गोली मार दी। घटना के वक्त 18 वर्षीय आरती कुमारी अपने होने वाले पति के साथ विवाह मंच पर खड़ी थी। चौसा के अतिरिक्त थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा, प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है। आरती को उस समय पेट में गोली मारी गई जब वह दूल्हे के बगल में मंच पर खड़ी थी। दुल्हन की हालत गंभीर बनी हुई है।

### आईआईएम के 300 छात्रों ने किया परीक्षा का बहिष्कार

**नागपुर।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), नागपुर के एमबीए प्रथम वर्ष के लगभग 300 छात्रों ने



संस्थान के नियमों का उल्लंघन करते हुए विदाई पार्टी में शामिल हुए 40 सहपाठियों को परीक्षा में बैठने से रोके जाने के विरोध में अपनी मध्यावधि परीक्षा का बहिष्कार किया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के बीच के लगभग 75 छात्र 21 फरवरी की रात को वरिष्ठ छात्रों के लिए आयोजित विदाई पार्टी में बिना अनुमति के गए।

### सूरत में दंपति और बेटी घर में मृत मिले

**सूरत।** शहर के वेसु इलाके में एक दंपति ने अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। दंपति की दूसरी बच्ची को बचा लिया गया। बिहार निवासी बालमुकुंद, उनकी पत्नी प्रियंका और उनकी बड़ी बेटी की मंगलवार को घर में कथित तौर पर विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। दंपति की सात वर्षीय छोटी बेटी बच गई। बालमुकुंद एक शेयर कारोबारी थे और घर से काम करते थे। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है।

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ आईडी, पिस्तौल बरामद

**मेंढर/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में



आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाया और दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) तथा एक पिस्तौल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी मेंढर क्षेत्र के सैलानी कसबलारी गांव में सेना की तलाशी अभियान के दौरान की गई।

## आठवीं की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार विषय पर नाराजगी

# एनसीईआरटी पर गरमा गए सीजेआई, बोले मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं करने दूंगा बदनाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

*एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाली बात सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक में 'ज्यूडिशियरी में करप्शन' से जुड़े हिस्सों पर कड़ी आपति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'गंभीर चिंता का विषय' बताया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, मैं किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं दूंगा। कानून अपना काम करेगा। इस बीच कोर्ट ने किताब की बिक्री पर रोक लगा दी।*

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी द्वारा मामले का तत्काल विचार करने के लिए उल्लेख किये जाने के बाद, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका के बारे में 'आपत्तिजनक' सामग्री का स्वतः संज्ञान लिया है। इससे अलग, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अध्याय को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि धरती पर किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी सत्यनिष्ठा को धूमिल करने ▸▸शेष पेज 5 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, पुस्तक की बिक्री पर लगाई रोक

### पाठ्यपुस्तक में पूर्व सीजेआई का भी उल्लेख

पाठ्यपुस्तक में पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई का भी उल्लेख है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों का लोगों के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया, हालांकि, इस भरोसे को फिर से कायम करने का रास्ता इन मुद्दों को सुलझाने के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक गुण हैं।



### नई किताब में क्या है?

कक्षा आठ के लिए एनसीईआरटी की नई समाज विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के अनुसार, भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली 'चुनौतियों' में से हैं। नई पुस्तक के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं।

### एनसीईआरटी की किताब वेबसाइट पर मौजूद नहीं

एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सोशल साइंस का पार्ट 2 इसी हफ्ते जारी हुआ था। CJI की टिप्पणी के बाद ये किताब एनसीईआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। एक न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक किताबों की ऑफलाइन बिक्री भी मंगलवार 24 फरवरी से बंद कर दी गई है। हालांकि अब तक एनसीईआरटी की तरफ इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### उच्च पदों पर बैठे लोगों को समुदाय विशेष पर टिप्पणी की छूट नहीं

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य मामले में कड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए भाईचारे को जरूरी बताते हुए कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोग धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र के आधार पर किसी विशेष समुदाय को निशाना नहीं बना सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सरकारी हो या गैर सरकारी हो, भाषणों, मीम्स, कार्टून या चित्रों के जरिए किसी विशेष समुदाय को बदनाम या अपमानित नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने यह टिप्पणियां फिल्म 'घूसखोर पंडत' की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर एक अलग फैसले में कीं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है और याचिका में इसकी रिलीज को चुनौती दी गई है।

## अंबानी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# 3,716 करोड़ का आलीशान घर 'एबोड' को किया कुर्क



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन रोधक कानून के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपए है। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है। सूत्रों के अनुसार, उनके समूह ▸▸शेष पेज 5 पर

### जारी हुए हैं अस्थायी ऑर्डर

यह शानदार घर 66 मीटर ऊंचा है। इसमें 17 मंजिलें हैं। यह मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया गया है ताकि बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में मल्टी-स्टोरी घर को अटैच किया जा सके।

### 15700 करोड़ की हो चुकी है कुर्की

सूत्रों ने बताया कि अटैच की गई संपत्ति की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपए है। 66 साल के अंबानी के दूसरे राउंड की पूछताछ के लिए यहां फेडरल जांच एजेंसी के सामने पेश होने की उम्मीद है। उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में ईडी के सामने गवाही दी थी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत उनका बयान दर्ज किया गया था। नए ऑर्डर के साथ इस मामले में अटैच की कुल कीमत लगभग 15,700 करोड़ रुपए हो गई है।

## भारतीय सौर उत्पादों पर नया टैक्स

# ट्रंप ने फिर फोड़ा टैरिफ बम अब 126 फीसदी का झटका



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87 प्रतिशत का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने की घोषणा की है।

■ भारत पर कहां और कैसे असर?

अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या नहीं' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है। अमेरिकी आदेश के अनुसार, 24 फरवरी, 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या ▸▸शेष पेज 5 पर

### क्यों अमेरिका ने उठाया ये कदम?

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत से सौर ऊर्जा उत्पादों के आयात पर 126% का प्रारंभिक शुल्क निर्धारित किया है। वहीं इंडोनेशिया के लिए ये प्रारंभिक शुल्क 86% से 143%, जबकि लाओस के लिए 81% तय किया गया है। ये इंपोर्ट ड्यूटी रेट्स विदेशी सब्सिडी को देखते हुए निर्धारित किए गए हैं। अमेरिका का मानना है कि इससे इन देशों के निर्यातकों को घरेलू सोलर एनर्जी प्रोड्यूशरों के उत्पादों की तुलना में कम कीमत पर अपने उत्पाद बेचने की अनुमति मिलती है। ट्रंप प्रशासन द्वारा भारी भरकम टैरिफ लगाने के इस कदम का उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को लाभ पहुंचाना है।

### जयराम ने उठाए सवाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महासचिव जयराम रमेश ने अमेरिका द्वारा भारतीय सोलर मॉड्यूल के आयात पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के फैसले पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इस कदम को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की भावना के विपरीत बताते हुए इसे "एकतरफा और भारत के हितों के खिलाफ" करार दिया। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने बयान में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिका द्वारा इतनी ऊंची दर से शुल्क लगाना इस बात का संकेत है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर किए जा रहे दावों में गंभीर विसंगतियां हैं।

# कामरेड रानू ने दी हरी झंडी, डीवीसीएम मल्लेश ने फोर्स के सामने डाले हथियार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

**हरिभूमि फॉलोअप**

डीवीसीएम मल्लेश और रानू पोडियाम के समर्पण की खबर ने इलाके में एक दिन पहले से ही हलचल मचा दी थी। हालांकि पुलिस प्रशासन ने अब तक दोनों को औपचारिक रूप से मिडिया के सामने प्रस्तुत नहीं किया है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के आधार पर कई अहम तथ्य सामने आ रहे हैं। पुलिस को इंतजार है कि अन्य नक्सली जो समर्पण के लिए आने के लिए संपर्क किए हैं, उनके आने के बाद एक साथ जानकारी उपलब्ध किए जाने की संभावना दिख रही है।

जानकारी के अनुसार डीवीसीएम मल्लेश और रानू पोडियाम का ▸▸शेष पेज 5 पर



### नक्सली संगठन के लिए बड़ा झटका

जानकारों का मानना है कि मल्लेश जैसे वरिष्ठ कैडर का समर्पण नक्सली संगठन के लिए बड़ा मनोवैज्ञानिक झटका है। इससे न केवल संगठन की रणनीतिक क्षमता कमजोर होती है, बल्कि बाकी कैडर का मनोबल भी टूटता है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में और भी समर्पण होने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

### दबाव के कारण किया समर्पण

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि दोनों माओवादी कैडरों ने स्वेच्छा से हिंसा त्यागने का फैसला लिया है। प्रारंभिक बातचीत में उन्होंने संगठन के भीतर व्याप्त आंतरिक असंतोष, विचारधारा से मोहभंग और लगातार बढ़ते सुरक्षा दबाव को अपने निर्णय का मुख्य कारण बताया है।

# हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मेल में कसाब का नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से बुधवार की सुबह हड़कंप मच गया। दिन भर अफरातफरी का माहौल



रहा। यह धमकी एक संदिग्ध ईमेल के जरिए दी गई थी। ईमेल में अजमल कसाब का भी जिक्र होने की बात सामने आई है। इसमें कहा गया कि दोपहर एक बजे ब्लास्ट होगा। धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर हाईकोर्ट की सभी अदालतों में सुनवाई रोक दी गई। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से कड़ा कर दिया गया। डॉग स्क्वायड और बॉम्ब स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। टीमों ने हाईकोर्ट परिसर की सघन जांच की।

### बिलासपुर-बलौदाबाजार कोर्ट को भी धमकी


ई मेल भेजकर बिलासपुर और बलौदाबाजार जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों ने बल के साथ जिला न्यायालय जाकर जांच की। पुलिस ने अज्ञात ईमेल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।जांच में कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला था। पुलिस अब तक ईमेलधारक का पता नहीं लगा पाई है।

## आरबीआई का बैंकों को आदेश, ऐप से हटा लें फंसाने वाली ट्रिक्स

# बैंकों की मनमानी पर ब्रेक, अब कोई हिडन चार्ज नहीं

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारत में अब बैंकों की मनमानी नहीं चलेगी। देश के रिजर्व बैंक ने अपने नए नियमों में नई गाइडलाइन बना दी है। अक्सर देखा है कि बैंकिंग ऐप खोलते ही लोन के साथ बीमा के कई नोटिफिकेशन एक साथ आ जाते हैं, साथ ही किसी सर्विस को क्लिक करते ही अनजाने में कुछ हिडेन चार्ज काट लिए जाते हैं, पर अब ऐसी समस्या का सामना ग्राहकों को नहीं करना पड़ेगा। आरबीआई ने 'रिस्पांसिबल बिजनेस कंडक्ट अमेंडमेंट डायरेक्शन 2026' के ड्राफ्ट में साफ कहा है कि बैंकों को अपनी वेबसाइटों और मोबाइल ऐप्स से सभी तरह के डार्क पैटर्न को जड़ से खत्म करना होगा।




### सर्वे में खुली पोल

इस फैसले के पीछे लोकल सर्किल्स का एक बड़ा सर्वे है। दरअसल 388 जिलों के करीब 1.61 लाख लोगों से मिले फीडबैक में यह सामने आया कि बैंकिंग ऐप्स पर ऐसी गुमराह करने वाली ट्रिक्स आम बात हो गई हैं। इसी वजह से आरबीआई अब डिजिटल बैंकिंग को ज्यादा से ज्यादा क्लियर और सेफ बनाने के लिए लग गया है।

### जुलाई तक हटाने होंगे डार्क पैटर्न

बैंकों को जुलाई 2026 तक डार्क पैटर्न को पूरी तरह से हटाने और नए नियमों का पालन करने का समय दिया गया है। आरबीआई द्वारा मोबाइल बैंकिंग पर लोगों की बढ़ती निर्भरता को देखते हुए ये कदम उठाया गया है, जो डिजिटल वित्तीय सेवाओं को आसान, निष्पक्ष और अधिक भरोसेमंद बनाने के लिए है।

### ग्राहकों को होगा फायदा

आरबीआई के इस आदेश के बाद अब बैंक ऐप्स पर क्रॉस-सेलिंग यानी एक प्रोडक्ट के साथ दूसरा जबरन बेचना बंद होगा। अब बैंक को हर सर्विस के लिए आपसे मंजूरी लेनी ही होगी। जुलाई 2026 के बाद अगर कोई बैंक इन नियमों का तोड़ता है तो उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर अब स्क्रीन पर दिखने वाले डिलीट या स्किप बटन छोटे नहीं होंगे और ना ही बैंक आपको धोखे से किसी स्कीम में फंसा पाएंगे।

## चिंतन

# उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी दिखाएंगे कूटनीतिक संतुलन

**मुंबई।** दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निधियों की धननिकासी के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया लगातार दूसरे दिन भी सीमित दायरे में रहा और डॉलर के मुकाबले एक पैसे टूटकर 90.96 पर बंद हुआ कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक धारणा ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और पूरे सत्र में एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहा।

# ईवी क्षेत्र में पांच साल में आया 2.23 लाख करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक परिवहन क्षेत्र में पिछले पांच साल में भारी पूंजी निवेश होने के बावजूद 2030 का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को एक समन्वित निवेश ढांचे की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

- वर्ष 2030 तक कुल निजी कार बिक्री में ईवी ही हिस्सेदारी होगी 30 फीसदी

भारत ने वर्ष 2030 तक कुल निजी कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत, बस में 40 प्रतिशत और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों में 80 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

**भारत को 2030 तक समन्वित निवेश ढांचे की जरूरत**

### तिपहिया वाहनों ने 78 फीसदी निवेश आकर्षित किया

संस्थान के टिकाऊ वित्त विशेषज्ञ और रिपोर्ट के सह-लेखक सौरभ त्रिवेदी ने कहा, /''पिछले पांच वर्षों में वाहन श्रेणियों में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों ने कुल निवेश का 78 प्रतिशत आकर्षित किया, क्योंकि यह खंड परिपक्व है और व्यावसायिक स्तर पर संचालित हो रहा है।/'' हालांकि, उन्होंने कहा कि 2024 और 2025 की हालिया निवेश घोषणाएं इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों की तरफ बढ़ते रुझान को दर्शाती हैं।




### पांच वर्षों में 2.23 लाख करोड़ की पूंजी लगी

रिपोर्ट के सह-लेखक और आईईईएफए के जलवायु वित्त विश्लेषक शुभम श्रीवास्तव ने कहा, /''पांच वर्षों में 2.23 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगना महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्ष 2030 तक जरूरी पूंजी 12.5 लाख करोड़ रुपये का यह लगभग 18 प्रतिशत ही है।/'' उन्होंने कहा कि बचे हुए 10.2 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए वित्तीय ढांचे में व्यापक सुधार जरूरी होंगे।

### सबसे बड़ा हिस्सा ईवी विनिर्माण में गया

इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकॉनमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की इस रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020-25 के दौरान भारत के इलेक्ट्रिक परिवहन परिवेश के तीन प्रमुख क्षेत्रों- विनिर्माण क्षमता, सार्वजनिक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन और चार्जिंग अवसंरचना में कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा ईवी विनिर्माण में गया है।

### 1.59 लाख करोड़ आंतरिक संसाधनों से आए

निवेश स्रोतों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईवी विनिर्माण में लगे 1.59 लाख करोड़ रुपये आंतरिक संसाधनों से आए, जबकि 36,000 करोड़ रुपये से अधिक ऋण और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी के जरिये जुटाए गए। हालांकि, अलग-अलग वाहन श्रेणियों के बीच वित्तपोषण के स्रोतों में अंतर देखा गया है।

## भू-राजनीतिक तनाव के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने लगा

# निकट भविष्य में रेपो दर में बढ़ोतरी की संभावना नगण्य: आरबीआई एमपीसी सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण महंगाई का दबाव बढ़ने के बावजूद निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर (रेपो) में वृद्धि की संभावना ''नगण्य'' है। उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं।

सौगत भट्टाचार्य ने 'पीटीआई-भाषा' को ईमेल के जरिये दिए साक्षात्कार में कहा, '' निकट अवधि में रेपो दर बढ़ाने की जरूरत पड़ने की संभावना मुझे नगण्य दिखती है।'' भट्टाचार्य और एमपीसी के अन्य पांच सदस्यों ने इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था।

**खास बातें**

- मौसम संबंधी जोखिम बढ़ने से किसानों की परेशानी बढ़ेगी
- वैश्विक तनाव से धातुओं और कच्चे तेल की कीमतें प्रभावित होगी
- अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं




### भारत का क्षमता उपयोग लगभग 75 फीसदी पर

भट्टाचार्य ने कहा कि क्षमता उपयोग लगभग 75 प्रतिशत पर है, हालांकि, कुछ क्षेत्रों में यह अधिक है। वृद्धि पर उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग दो-तिहाई हिस्सा घरेलू खपत से आता है और यही वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहेगा, हालांकि टिकाऊ विस्तार के लिए घरेलू एवं बाहरी दोनों मांग जरूरी हैं।

### मुद्रास्फीति चार फीसदी लक्ष्य की ओर

*महंगाई पर उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती है। इसकी एक वजह वित्त वर्ष 2025-26 में कुल (और सब्जियों) मुद्रास्फीति की गिरती कीमत का आधार प्रभाव है, जो अब उलट सकता है। दूसरी वजह कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव है। हालांकि, इन कारकों को छोड़ दें तो अंतर्निहित महंगाई संतुलित रहने की उम्मीद है।*

### कुल रेपो दर में 1.25 फीसदी की कटौती हुई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने 'तटस्थ' नीतिगत रुख को भी बनाए रखा था जिससे संकेत मिलता है कि दरें कुछ समय तक निचले स्तर पर रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रोत्साहन उपायों के बावजूद अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं हैं। केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है, जो 2019 के बाद सबसे आक्रामक नरमी चक्र माना जा रहा है।

### भारत अपने निर्यात में विविधता लेकर आया

वैश्विक व्यापार पर उन्होंने कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क संबंधी फैसलों के बाद स्थिति अभी प्रारंभिक चरण में है और प्रतिस्पर्धी देशों के साथ शुल्क प्रतिस्पर्धा का संतुलन बनना बाकी है। उन्होंने कहा, '' हम अमेरिका के साथ शुल्क और व्यापार समझौतों के किसी संतुलन पर पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, व्यापार आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निर्यातक (कुछ क्षेत्रों को छोड़कर) अपने बाजारों में विविधता लेकर आए हैं।''

### सूचकांक बदलने से अब नीतिगत निर्णय सटीक होंगे

आगामी नई जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) श्रृंखला पर उन्होंने कहा कि संशोधित पद्धतियां और अद्यतन सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा संरचना को बेहतर ढंग से दर्शाएंगे और नीतिगत निर्णयों को अधिक सटीक बनाने में मदद करेंगे।

# बाजार की निगरानी बढ़ाने में एआई की भूमिका होगी अहम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सेबी चेयरमैन ने कहा, जोखिम प्रबंधन पहले से बेहतर हो पाएगा
- एआई निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिला निभाएगा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

सेबी प्रमुख ने यहां आयोजित 'कोटक इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस' में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। चेयमैन ने कहा, /''प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने, जोखिम प्रबंधन सुधारने और पारदर्शिता बढ़ाने में बढ़ती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सेबी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार अच्छे समय में सुचारु रूप से काम करे और अस्थिरता के दौर में भी मजबूत बने रहें।



*वृद्धि अब केवल प्रतिफल तक सीमित नहीं : पांडेय ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला के पुनर्गठन, भू-राजनीतिक तनाव और तीव्र प्रौद्योगिकी बदलाव जैसे कारकों ने कारोबारी माहौल को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि अब केवल प्रतिफल तक सीमित नहीं है बल्कि विश्वसनीयता, स्थिरता और अनुमान लगा पाने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।*

### भारत निवेश योग्य बाजार तैयार कर रहा

सेबी प्रमुख ने कहा कि भारत बड़े पैमाने और टिकाऊ वृद्धि के साथ पारदर्शी, सुशासित और निवेश-योग्य बाजार तैयार कर रहा है ताकि दीर्घकालिक संस्थागत पूंजी आकर्षित की जा सके। नियामक की भूमिका यह सुनिश्चित करने की है कि वृद्धि भरोसेमंद और टिकाऊ बनी रहे।

# टीसीएस को एआई से डर नहीं राजस्व में 'कमी' के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज कृत्रिम मेधा (एआई) से 'डरी हुई' नहीं है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सहयोगियों द्वारा विकसित एआई टूल्स के कारण राजस्व में होने वाली 'कमी' के लिए भी तैयार है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. कृतिवासन ने यहां वार्षिक एनटीएलएफ कार्यक्रम में कहा कि कंपनी यह देख रही है कि 'कुशल' युवा कर्मचारियों की तुलना में वरिष्ठ स्तर के कर्मचारी एआई-आधारित समाधान तैयार करने में धीमे हैं। कृतिवासन ने कहा, ''हम अपने सहयोगियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे (ग्राहकों के पास) जाएं और एआई का उपयोग करें, भले ही इससे हमारे राजस्व में कमी आए। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी इस नई प्रौद्योगिकी के चलते नौकरियों में छंटनी को लेकर 'डरी' हुई नहीं है। सीईओ ने कहा कि इन्हीं प्रयासों के तहत टीसीएस ने अपने सहयोगियों से यह पता लगाने के लिए कहा है कि वे परियोजनाओं में एआई का उपयोग कैसे कर सकते हैं, भले ही इसके कारण राजस्व में कुछ नुकसान उठाना पड़े।




- कंपनी के सीईओ कृतिवासन ने कहा, हमारे सभी कर्मचारी एआई में एक्सपर्ट हो
- कुशल युवा की तुलना में वरिष्ठ कर्मचारी समाधान तैयार करने में धीमे


### कर्मचारियों को मेहनत करनी होगी

कृतिवासन ने साथ ही जोड़ा कि जैसे-जैसे लोग आगे बढ़ते हैं और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारी बनते हैं, वे बहुत कुछ पढ़ते तो हैं लेकिन उस पर कुछ निर्माण नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मेहनत करनी होगी और एआई टूल का उपयोग करके समाधान बनाने होंगे। उन्होंने एआई को एक सभ्यतागत बदलाव करार दिया और कहा कि इससे ज्ञान सर्वसुलभ होगा।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

- अमेरिका की सौर उत्पादों पर शुल्क लगाने से धारणा प्रभावित
- सेंसेक्स में 50 और निफ्टी में 58 अंक की रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा से बुधवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार अपनी शुरुआती तेज बढ़त गंवाते हुए मामूली लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंक जबकि निफ्टी में 58 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 82,276.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 57.85 अंक की बढ़त के साथ 25,482.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए।

### सौर कंपनियों के शेयरों में 15 फीसदी तक गिरावट

बीएसई पर वारी एनर्जीज के शेयर में 10.47 प्रतिशत, प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 6.27 प्रतिशत, विक्रम सोलर के शेयर में 5.45 प्रतिशत और स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयर में 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान बीएसई पर वारी एनर्जीज लिमिटेड का शेयर एक समय 14.99 प्रतिशत लुढ़क गया था जबकि प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड के शेयर में 14.23 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। इसी तरह विक्रम सोलर लिमिटेड का शेयर 7.47 प्रतिशत और स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड का शेयर 2.36 प्रतिशत टूट गया था।

## स्मार्टफोन देश का अग्रणी निर्यात खंड बना: वैष्णव

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 में देश में बने 30 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए गए और अब स्मार्टफोन भारत का शीर्ष निर्यात खंड बन चुका है। वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत अब 'दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र' बनता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर रहा। देश में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये (करीब 60 अरब डॉलर) के मोबाइल फोन का उत्पादन हुआ, जबकि इस दौरान निर्यात करीब दो लाख करोड़ रुपये (लगभग 22 अरब डॉलर) का रहा।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण चांदी 5900 रुपए चढ़ी


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 1000 रुपए मजबूत होकर 1,64,200 रुपए प्रति 10 ग्राम

मजबूत वैश्विक रुख और सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की खरीदारी जारी रहने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। चांदी 2.77 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर और सोना 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी मंगलवार के 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,900 रुपये या दो प्रतिशत बढ़कर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। लगातार पांचवें सत्र में अपनी बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर लगातार अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण कीमती धातुओं में सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी का धन प्रवाह बना रहा, जिससे बुधवार को सोने में मामूली बढ़त बनी रही।

## सरकार ने 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति दी



**नई दिल्ली।** सरकार ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दे दी। वाणिज्य मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। यह फैसला इसी महीने पहले लिया गया था, लेकिन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने इसे मंगलवार को अधिसूचित किया है। डीजीएफटी ने कहा कि गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि, 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति होगी। केंद्र ने यह फैसला इस साल जनवरी में लिया था। इसमें कहा गया है कि इस उद्देश्य के लिए विस्तृत तौर-तरीके को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

## नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत नियम और फॉर्म जारी

# नए आयकर फॉर्म में मकान मालिक से बताना होगा रिश्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत मसौदा आयकर नियम और फॉर्म जारी किए हैं, जिनमें किराया भत्ते (एचआरए) के दावों में पारदर्शिता बढ़ाने, विदेशी आय पर कर क्रेडिट के दावों की कड़ी जांच और ऑडिटर की जिम्मेदारी बढ़ाने का प्रस्ताव है।

- किराया भत्ते के दावों पर पारदर्शिता बढ़ाई जा सकेगी

नया आयकर अधिनियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। सरकार ने हितधारकों के लिए नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किए हैं। इसके आधार पर अंतिम नियम एवं फॉर्म अगले महीने अधिसूचित किए जाएंगे। नियमों के मसौदे के मुताबिक, नए फॉर्म 124 में करदाता को यह बताना होगा कि वह जिस मकान मालिक को किराया दे रहा है, उससे उसका कोई पारिवारिक या कोई अन्य संबंध तो नहीं है।

### फर्जी किराया दावों पर लगेगा अंकुश

फिलहाल एचआरए का दावा करते समय कर्मचारी अपने नियोक्ता को किराये का अनुमानित विवरण देता है, लेकिन मकान मालिक के साथ संबंध का खुलासा करना अनिवार्य नहीं है। कर विशेषज्ञों का मानना है कि मकान मालिक और किरायेदार के बीच के संबंधों का खुलासा अनिवार्य किए जाने से फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए किराया दावों पर अंकुश लगेगा।

### पैन आवेदन प्रक्रिया सख्त होगी

विशेषज्ञों का कहना है कि यह उन मामलों में चुनौतीपूर्ण हो सकता है जहां विदेशी देशों में एकीकृत कर विवरण जारी होते हैं या कर को अलग वित्त वर्ष में अदा किया जाता है। मसौदा प्रस्ताव में कंपनियों के लिए पैन आवेदन प्रक्रिया भी सख्त की गई है। अब आवेदन करते समय यह घोषणा देना अनिवार्य होगा कि कंपनी के पास पहले से कोई पैन नहीं है।



*कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने का प्रस्ताव : नियमों के मसौदे में विदेशी आय पर कर क्रेडिट के दावों के खुलासे के लिए ऑडिटर के साथ कंपनियों की भी जवाबदेही बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। विदेशी आय पर कर क्रेडिट के दावों के लिए प्रस्तावित फॉर्म 44 में ऑडिटर की भूमिका और सख्त की गई है। अब चार्टर्ड अकाउंटेंट को विदेशी टैक्स कटौती प्रमाणपत्र, भुगतान का प्रमाण, विनिमय दर रूपांतरण और कर संधि की पात्रता की स्वतंत्र जांच करनी होगी।*

### अनुचित दावा को खारिज करना होगा आसान

नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स फर्म में साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा, ''यह प्रावधान वास्तविक व्यवस्थाओं को प्रभावित किए बगैर कृत्रिम दावों की पहचान में मदद करेगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अनुचित दावों को खारिज करना आसान होगा।''

### आंतरिक जांच जरूरी होगी

शाखाओं, परियोजना कार्यालयों या पूर्ववर्ती इकाइयों के नाम पर पहले से पैन होने की स्थिति में दोहराव से बचने के लिए आंतरिक जांच जरूरी होगी। झुनझुनवाला ने कहा कि यह प्रावधान डेटाबेस की शुचिता मजबूत करेगा, लेकिन आवेदकों की जिम्मेदारी भी बढ़ाएगा।

### नए कर ऑडिट फॉर्म 26 में यह अनिवार्य

नए कर ऑडिट फॉर्म 26 में यह अनिवार्य किया गया है कि वैधानिक ऑडिटर की रिपोर्ट में यदि कोई प्रतिकूल टिप्पणी, अस्वीकरण या पात्रता है तो उसका आय, हानि या बुक प्रॉफिट पर प्रभाव स्पष्ट किया जाए। उदाहरण के लिए, यदि राजस्व मान्यता, शेयर मूल्यांकन या प्रावधान में कमी पर आपत्ति दर्ज होती है, तो कर ऑडिटर को देखना होगा।

## प्रिज्म ने त्यागी को किया निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** यात्रा एवं आतिथ्य मंच ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने बाजार नियामक सेबी के पूर्व चेयरमैन अजय त्यागी को अपने निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब प्रिज्म सार्वजनिक बाजारों में पहुंचने और विस्तार की दिशा में अपने निदेशक मंडल एवं कॉरपोरेट कामकाज ढांचे को और मजबूत करना चाहती है। अजय को पूंजी बाजार विनियमन और सार्वजनिक संस्थागत नेतृत्व में गहन अनुभव हैं। दीर्घकालिक जवाबदेही को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब उनका अनुभव अत्यंत मूल्यवान होगा।

# पत्थर से पदक का सफर... नीति और नीयत ने कश्मीर में दी खेल को गति

कभी आतंकवाद की काली छाया और पत्थरबाजी की घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहने वाला कश्मीर आज खेल के नए दौर में अपनी पहचान लिख रहा है। यह कैलेंडर बंदूकों का नहीं, बल्कि 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का है। इस परिवर्तनकारी बदलाव के पीछे एक ठोस नीति और प्रशासन की स्पष्ट नीयत है। 'सार्थक संवाद' के इस विशेष अंक में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की सचिव नुजहत गुल से किया सार्थक संवाद। नुजहत गुल न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि वह उस महिला शक्ति का चेहरा भी हैं जिसने कश्मीर की रूढ़ियों को तोड़कर मैदान में जीत का परचम लहराया है। **जानते हैं पत्थर से पदक तक के सफर की दास्तां :-**

**हिमांशु द्विवेदी : कश्मीर को दुनिया स्वर्ग मानती है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में यहाँ की छवि 'बंदूक और पत्थरबाजी' तक सीमित रही। यह 'खेल और खिलाड़ी' वाला नया दौर कब और कैसे शुरू हुआ?**

नुजहत गुल : पिछले 5-6 वर्षों में भारत सरकार और यूटी प्रशासन ने बच्चों को एक सकारात्मक विकल्प देने के लिए मिशन मोड पर काम किया है। हमने शून्य से नहीं, बल्कि 'माइनस' से शुरुआत की है। पहले हमने इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया, फिर इवेंट्स और इक्विपमेंट पर ध्यान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में देश के सबसे ज्यादा 'खेलो इंडिया सेंटर' हैं। 2022 में बनी पहली स्पोर्ट्स पॉलिसी ने बच्चों को डीबीटी मोड में स्पॉन्सरशिप देना शुरू किया। आज कश्मीर का बच्चा पत्थर नहीं, हाथ में स्कीज और बैट लेकर मैदान में खड़ा है।



**हिमांशु द्विवेदी : एक महिला के तौर पर, वो भी कश्मीर जैसे संवेदनशील समाज में, इस मुकाम तक पहुँचना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

नुजहत गुल : मैं खुशकिस्मत रही कि मेरा जन्म एक शिक्षित परिवार में हुआ जहां कभी 'पितृसत्तात्मक' सोच को मुझ पर हावी नहीं होने दिया गया। मैं काउंसिल की पहली महिला सचिव हूँ और यह प्रशासन का मुझ पर भरोसा है। समाज बदल रहा है,शोपियां की एक बच्ची ने जब वुशु में नेशनल मेडल जीता, तो पूरे गांव ने उसका स्वागत मिठाइयों से किया। आज के माँ-बाप समझ चुके हैं कि अगर बच्चे को ड्रग्स और असामाजिक गतिविधियों से दूर रखना है, तो स्पोर्ट्स ही सबसे मजबूत हथियार है।

**हिमांशु द्विवेदी : 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' का आयोजन पर्यटन और खेलों को कैसे जोड़ता है?**

नुजहत गुल : गुलमर्ग एक इकोलॉजिकल फ्रेजाइल ज़ोन है, यहां हम कंक्रीट का जंगल नहीं बना सकते। लेकिन यहां के होटलियर्स ने खेलो इंडिया के लिए अपना व्यावसायिक नुकसान सहकर कमरे दिए। इसका मकसद सिर्फ मेडल नहीं, बल्कि 'कल्चरल एक्सचेंज' है। जब दमन-दीव का बच्चा कश्मीर के बच्चे के साथ मैगी खाता है, तो वह दोस्ती और एकता का एक नया भारत गढ़ता है।

**हिमांशु द्विवेदी : पदक तालिका में जम्मू-कश्मीर अभी भी कुछ राज्यों से पीछे है। इसे आप कैसे देखती हैं?**

नुजहत गुल : यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। आर्मी के पास हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग की बेहतर तकनीक है, जिससे वे मेडल ले जाते हैं। हम उनसे सीख रहे हैं। हम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' पर काम कर रहे हैं, जिसके लिए विदेशी विशेषज्ञों की सलाह ली जा रही है ताकि हमारे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक पहुंचे।

**हिमांशु द्विवेदी : कश्मीर का युवा आज भविष्य के बारे में क्या सोचता है?**

नुजहत गुल : 2019 से पहले जहां 5 लाख लोग खेलों से जुड़ते थे, आज वह संख्या 80 लाख पहुंच गई है। जहाँ एक इंडोर स्टेडियम था, आज 34 हैं। आज कश्मीर के हर मोहल्ले से यह मांग उठती है कि हमें एक स्टेडियम बना कर दो। जैसे हर मोहल्ले में अपनी एक मस्जिद होती थी, अब लोग वहां खेल का मैदान भी चाहते हैं। कश्मीर के बच्चों के हाथों में अब स्कीज हैं, वे देश के गौरव में शामिल होना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### एक शतक, 5 फिफ्टी, जम्मू-कश्मीर ने खड़ा किया 527 रनों का स्कोर, कर्नाटक पर कसा शिकंजा

**हुबली।** रणजी ट्रॉफी फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में दमदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत पकड़ बना ली। शुभम पुंडीर के शानदार 121 रन और यावेर हसन, पारस डोगरा, अब्दुल समद समेत पांच बल्लेबाजों के अर्धशतकों की बदौलत टीम ने दूसरे दिन 6 विकेट पर 527 रन बना लिए। रणजी 2025-26 सीजन का फाइनल मुकाबला जम्मू एंड कश्मीर और कर्नाटक के बीच खेला जा रहा है। कर्नाटक के हुबली मैदान पर जारी इस मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक के गेंदबाजों को जमकर दबाव में डाला। जम्मू एंड कश्मीर के लिए शुभम पुंडीर का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 121 रन की शानदार पारी खेली।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रन से हराया, 3 अंको के साथ ग्रुप में दूसरे पायदान पर

# न्यूजीलैंड ने सुपर-8 में खोला जीत का खाता, श्रीलंका खिताबी रेस से बाहर, सेंटनर-रचिन की शानदार पारी

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में 61 रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ श्रीलंकाई टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने सुपर-8 के अपने शुरुआती दोनों मैच गंवाए। न्यूजीलैंड की टीम 2 मुकाबलों में 3 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद है। सुपर 8 में यह कीवी टीम की पहली जीत है।

बुधवार को खेले गए मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 168 रन बनाए। टिम सीफर्ट ने फिन एलन के साथ 30 रन की साझेदारी की। एलन 23 रन, जबकि सीफर्ट 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। रचिन 22 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 32 रन बनाकर आउट हुए।न्यूजीलैंड ने 84 के स्कोर तक अपने 6 विकेट खो दिए थे। इसके बाद कप्तान मिचेल सेंटनर (47) ने कोल मैककोन्ची (नाबाद 31) के साथ सातवें विकेट के लिए 47 गेंदों में 84 रन जोड़ते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचा दिया। श्रीलंका की तरफ से महेश थीक्षाना और दुष्मंथा चमीरा ने 3-3 विकेट निकाले। एक विकेट डुनिथ वेललेज ने हासिल किया।



### सिर्फ 107 रन ही बना सकी श्रीलंकाई टीम

श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर सिर्फ 107 रन ही बना सकी। श्रीलंका को पहली ही गेंद पर पथुम निसांका (0) के रूप में झटका लगा। इसके बाद टीम ने 6 के स्कोर पर चरिथ असलांका (5) का विकेट भी खो दिया। रत्नायके ने 10 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि मेंडिस ने 31 रन की पारी खेली। डुनिथ वेललेज ने 29 रन जोड़े, लेकिन श्रीलंका को शर्मनाक हार से बचा नहीं सके। न्यूजीलैंड की तरफ से 'प्लेयर ऑफ द मैच' रचिन रवींद्र ने 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि मैट हैनरी ने 2 विकेट निकाले। 1 सफलता कप्तान सेंटनर के हाथ लगी।

### सेंटनर - मैककोन्ची ने की 7वें विकेट के लिए बड़ी पार्टनरशिप

जब न्यूजीलैंड की टीम संकट में थी, तब कप्तान मिचेल सेंटनर और कोल मैककोन्ची ने मोर्चा संभाला। मैककॉन्ची और सेंटनर के बीच 84 रन की पार्टनरशिप हुई, जो टी20 विश्व कप में 7वें विकेट या उससे नीचे के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। इससे पहले साल 2010 में ब्रिजटाउन में माइक हसी और स्टीव स्मिथ ने बांग्लादेश के खिलाफ 74 रन की पार्टनरशिप की थी, जो अब पीछे रह गई है।

### सैंटनर के टी-20 में 1 हजार रन पूरे

सैंटनर अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर के तीसरे अर्धशतक से चूक गए। हालांकि, इस बीच उन्होंने अपने 1,000 रन पूरे किए। इस आंकड़े के साथ वह 13वें कीवी बल्लेबाज बन गए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के अब 132 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 131.74 के स्ट्राइक रेट से 1,021 रन हो गए हैं। सैंटनर के 47 रन अब टी-20 विश्व कप में उनका बल्लेबाजी में सबसे बड़ा स्कोर दर्ज हो गया है।

## एफआईएच प्रो लीग : टूटा भारत की हार का सिलसिला पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया

**होबार्ट ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।

### भारत ने हासिल किए दो अंक

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई।







The product shown may vary from the actual product available in the market. Accessories shown may not be part of the standard equipment.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in
होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

आधुनिक हिंदी कविता में कुछ ऐसे मूर्धन्य साहित्यकार हुए है, जिनकी रचनाएं शोर नहीं मचाती, हल्के से सच को कानों में कह जाती है। विनोद कुमार शुक्ल जी आधुनिक कविता के ऐसे ही हस्ताक्षर है। विनोद जी की कविताएं ना तो नारें लगाती है और क्रोध से लाल होती है ना बाजार की चकाचौंध में जलती है। वह बस होती है, जैसे हवा में तैरता हुआ पत्ता या दीवार में रहती हुई खिड़की। साहित्य के क्षेत्र में शुक्ल जी का योगदान सबसे गहरा और स्थायी है। उनकी कविताएं चीख नहीं, फ़ुसफ़ुसाहट हैं,जो सीधे हृदय के किसी कोने में उतर जाती हैं। 'लगभग जय हिन्द' से लेकर 'सब कुछ होना बचा रहेगा' तक, उनकी हर पंक्ति में सादगी का वह जादू है जो जटिलतम सत्य को सरलतम शब्दों में कह देता है। उनके निधन के बाद भी उनकी एक पंक्ति गूंजती रहती है-"इस भरपूर जीवन में मृत्यु के ठीक पहले भी मैं एक नई कविता शुरू कर सकता हूँ और यही उनकी विरासत है अधूरे को अंतिम न मानना।


विनोद कुमार शुक्ल, साहित्यकार

# विनोद कुमार शुक्ल की सादगी में संवेदना का शिखर


2024 का 59वां ज्ञान पीठ पुरस्कार समग्र साहित्य पर दिया।


## मिला मुक्तिबोध का सानिध्य

सन 1958 में आधुनिक हिंदी कविता एवं समीक्षा के सर्वाधिक चर्चित व्यक्तित्व गजानन माधव मुक्तिबोध, दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में हिंदी के प्राध्यापक के रूप में शरद कोठारी की प्रेरणा से लाए गए थे। इसी समय विनोद जी ने अपनी कुछ कविताएं अपने बड़े भाई की प्रेरणा से मुक्तिबोध को दिखाई। सरल स्वभाव के कारण विनोद जी को लगा कि उनकी कविताएं मुक्तिबोध को बहुत पसंद नहीं आई। परिणाम यह हुआ कि वे कुछ समय तक मुक्तिबोध से मिलने नहीं गए। तब मुक्तिबोध ने उनके बड़े भाई संतोष कुमार से कहकर विनोद कुमार को मिलने के लिए बुलवाया और जिसके बाद मुक्तिबोध से मिलने का सिलसिला शुरु हो गया। विनोद जी के लिए यह एक सुखद संयोग था कि उनकी सृजन यात्रा के शुरुआती चरण में ही मुक्तिबोध और हरिशंकर परसाई जैसे आधुनिक चेतना-संपन्न और सुलझे हुए रचनाकारों का सहज सानिध्य मिला। परिणाम यह हुआ कि रचना की तराश और सही दिशा की शुरुआत शुरुआत से मिलने लगी थी। विनोद जी ने एक जगह लिखा है कि 'मेरे पीछे मुक्तिबोध और हरिशंकर परसाई की प्रेरणा रही। मुक्तिबोध की कविताओं को सुनने के बाद मैं पारदर्शी बन जाता था। जहां पैर रखता था यह अधिक गहराई में जाता था। मन पर मुक्तिबोध की कविताएं छा जाती थीं। मुझमें मुक्तिबोध की कविताओं ने बदलाव लाया '।

## संस्कारधानी में जन्म



विनोद जी का जन्म 1 जनवरी, 1937 को राजनांदगांव में हुआ। राजनांदगांव जिला तत्कालीन मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ में अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक चेतना के लिए विख्यात है। यहां एक मध्यवर्गीय संयुक्त परिवार में विनोदकुमार शुक्ल जी का जन्म हुआ। विनोद जी की माताजी का नाम रुक्मिणी देवी और पिताजी का नाम शिवगोपाल शुक्ल था। शिवगोपाल और रुक्मिणी देवी ने पांच संतानों को जन्म दिया। उनमें तीन लड़के और दो लड़कियां हैं। सबसे बड़े संतोषकुमार शुक्ल, प्रभा शुक्ल, विनोद कुमार शुक्ल, अशोक कुमार शुक्ल और पद्मा शुक्ल। मां रुक्मिणी देवी के बचपन का कुछ हिस्सा बंगाल के जमालपुर में बीता। रुक्मिणी देवी करीब तेरह साल की उम्र में विवाह के बाद राजनांदगांव आ गई। विनोद जी के बाबा रामलाल शुक्ल जी उन्नाव जिले के जगतपुर से राजनांदगांव आकर बसे। शिवगोपाल जी का जन्म भी राजनांदगांव में ही हुआ था।



## माता ने दिए संस्कार चाचा ने दी शिक्षा

पिता की मृत्यु के बाद घर की सारी जिम्मेदारी उनके चाचा पंडित किशोरीलाल शुक्ल पर पड़ी। किशोरी जी प्रसिद्ध वकील थे। नामी वकील होने के साथ साथ वे मिल मैनेजर भी थे। इन्हीं के संरक्षण में विनोद जी की पढ़ाई पूरी हुई। माता की प्रेरणा से ही विनोद ने अपनी बचपन से शरदचंद्र का उपन्यास विजया खरीदा था। घर में साहित्यिक संस्कार होने के कारण विनोद जी के बालमन में लेखक आकार लेने लगा था। घर में चांद, माधुरी आदि साहित्यिक पत्रिकाएं आती थी इन पत्रिकाओं को वे तल्लीनता से पढ़ते थे।

## 'नौकर की कमीज' से मिली लोकप्रियता

विनोद जी का लिखा 'नौकर की कमीज' भारतीय जीवन के यथार्थ और आदमी की कशमकश को प्रस्तुत करनेवाला उपन्यास है। इस उपन्यास की सबसे बड़े खासियत यह है कि इसके पात्र मायावी नहीं बल्कि दुनियावी हैं, जिनमें कल्पना और यथार्थ के स्वर एकसाथ पिरोए हुए हैं। कहीं भी ऐसा नहीं लगता कि किसी पात्र को अनावश्यक रूप से महत्त्व दिया गया हो। हर पैरे और हर पात्र की अपनी महत्ता है। केन्द्रीय पात्र संतू बाबू एक ऐसा पात्र है जो घटनाओं को रचता नहीं बल्कि उनसे जूझने के लिए विवश है और साथ ही इस सोसाइटी के हाथों इस्तेमाल होने के लिए भी। आज की 'ब्यूरोक्रेसी' और अहसान फ़रामोश लोगों



पर यह उपन्यास सीधा प्रहार ही नहीं करता बल्कि छोटे-छोटे वाक्यों के सहारे व्यंग्यात्मक शैली में एक माहौल भी तैयार करता चलता है। विनोद जी की सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति का ही कमाल है कि पूरे उपन्यास को पढ़ने के बाद जिन्दगी के अनगिनत मार्मिक तथ्य दिमाग में तारीखवार दर्ज होते चले जाते हैं। उनके छोटे-छोटे वाक्यों में अनुभव और यथार्थ का पैनापन है, जिसकी मारक शक्ति केवल मिलमिलाहट ही पैदा नहीं करती बल्कि बहुत अन्दर तक भेदती चली जाती है। निर्माता निर्देशक मणि कौल ने सन 1999 में उपन्यास 'नौकर की कमीज फिल्म का निर्माण किया गया। विनोद जी रचनाओं को फिल्म और नाट्य विधाओं ने आत्मसात किया।

### कविता संग्रह

'लगभग जयहिंद ' वर्ष 1971
'वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहिनकर विचार की तरह' वर्ष 1981.
'सब कुछ होना बचा रहेगा ' वर्ष 1992.
'अतिरिक्त नहीं ' वर्ष 2000.
'कविता से लंबी कविता ' वर्ष 2001.
'आकाश धरती को खटखटाता है ' वर्ष 2006.
'पचास कविताएँ' वर्ष 2011
'कभी के बाद अभी ' वर्ष 2012.
'कवि ने कहा ' -चुनी हुई कविताएँ वर्ष 2012.
'प्रतिनिधि कविताएँ ' वर्ष 2013.

### उपन्यास

' नौकर की कमीज़ ' वर्ष 1979.
' खिलेगा तो देखेंगे ' वर्ष 1996.
' दीवार में एक खिड़की रहती थी ' वर्ष 1997.
' हरी घास की छप्पर वाली झोपड़ी और बौना पहाड़ ' वर्ष 2011.
' यासि रासा त ' वर्ष 2016
' एक चुप्पी जगह' वर्ष 2018.

### कहानी संग्रह

'पेड़ पर कमरा ' वर्ष 1988.
'महाविद्यालय ' वर्ष 1996.
'एक कहानी ' वर्ष 2021.
'घोड़ा और अन्य कहानियाँ ' वर्ष 2021.

## घर से ही सीखा साहित्य का ककहरा

विनोद कुमार की मैट्रिक तक की शिक्षा राजनांदगांव के स्टेट हाईस्कूल में हुई। परिवार के लिए जिम्मेदारी का भाव बचपन से होने के कारण विनोद जी शुरु से ही अपनी पढ़ाई को लेकर सतर्क रहे। लगभग 18 वर्ष की उम्र में सन 1954-55 में मैट्रिक और सनम1956 में स्कूली शिक्षा पूरी की। रायपुर साइंस कॉलेज में बीएससी में एडमिशन लिया लेकिन पहले वर्ष में दो विषयों आर्गेनिक कैमेस्ट्री और हिंदी निबंध में फेल हो गए। अपने चाचा की प्रेरणा से विनोद जी ने 1957 में जबलपुर के कृषि महाविद्यालय में प्रवेश लिया और Msc की परीक्षा 'कृषि 'विषय लेकर उत्तम अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सन 1962 में उत्तीर्ण की। इसके बाद शुरु हुआ जीवन यापन के लिए संघर्ष। सन 1962 में विनोद जी ने एक अमेरिकन रिसर्च स्कॉलर के पास दो महीने नौकरी की। यह रिसर्च स्कॉलर सिंचाई पर शोधकार्य कर रहा था। उसके बाद मध्यप्रदेश शासन में वे कृषि विस्तार अधिकारी बन गए। इसके बाद जगदलपुर स्थित स्कूल में शिक्षक नियुक्त हुए। बाद में वे ग्वालियर के कृषि महाविद्यालय में प्राध्यापक बने। सन 1967 में विनोद जी का तबादला रायपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय में हुआ। आगे चलकर ये इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बन गया। विभिन्न जगहों पर नौकरियां करने के बावजूद विनोद जी के दिल में राजनांदगांव धड़कता था।


यह तस्वीर जबलपुर कृषि महाविद्यालय की है। जिसमें विनोद कुमार शुक्ल (दायें से पहले) अपने अमेरिकी प्रोफेसर श्री लिंडस्ट्रॉम उनकी पत्नी और सहपाठियों के साथ हैं। लिंडस्ट्रॉम ने उन्हें कृषि विस्तार, विषय पढ़ाया है। सन 1956 में यह बिल्कुल नया विषय था। लिंडस्ट्रॉम हॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता भी थे।


पैतृक मकान में अपने बेटे शाश्वत के साथ।

## 'लिखना मेरे लिए सांस की तरह'

1 नवंबर को छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के मौके पर रायपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीमार चल रहे विनोद जी से फोन पर बातचीत की थी। उस दौरान विनोद जी सांस की तकलीफ के कारण हॉस्पिटल में एडमिट थे। बातचीत के दौरान विनोद जी से प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी जरूरत होने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने साहित्यकार शुक्ल से पूछा कि आप क्या चाहते हैं? इसके जवाब में शुक्ल ने कहा- बस घर जाना चाहता हूं, लिखना चाहता हूं, क्योंकि लिखना मेरे लिए सांस की तरह है। 90 वें जन्म दिन से एक सप्ताह से पहले 23 दिसंबर 2025 को शब्दों का यह साधक नश्वर संसार को छोड़कर अनंत यात्रा पर चला गया।


अस्पताल में ऑक्सीजन लगने के दौरान भी शुक्ल जी की साहित्य साधना जारी रही।



### आत्मीयता से ओतप्रोत व्यवहार



दादा ने ना केवल अपने घर के बल्कि हृदय के भी द्वार मेरे लिए खोले थे। मेरी रचनाओं को लेकर दादा में जो उत्सुकता होती थी वो मेरे लिए अनमोल है। वे कहते थे कि लोग मेरी कविताएं गाते हैं मैं तुम्हारी कविता गाऊंगा..रायपुर से निकलते हुए कभी ये नहीं लगा कि मैं लेखक के घर से बिदा हो रही हूं हमेशा ऐसा लगा कि मैं अपने पीहर अपने बाबा के घर से फिर वापिस आने के लिए जा रही हूं ।

-नीदू गुजराल, दादा की प्रशंसक, सिंगापुर

### विनोद जी को मिले सम्मान

- 'रज़ा पुरस्कार ' (मध्यप्रदेश कला परिषद)
- 'शिखर सम्मान ' (म.प्र. शासन)
- राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान ' (म.प्र. शासन)
- दयावती मोदी कवि शेखर सम्मान' (मोदी फाउंडेशन)
- 1999- 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', (भारत सरकार)
- 'हिन्दी गौरव सम्मान' (उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उ.प्र. शासन)
- 2020 'मातृभूमि' पुरस्कार, वर्ष 2020 (अंग्रेजी कहानी संग्रह '**Blue Is Like Blue**' के लिए)
- 2021- साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सर्वोच्च सम्मान "महत्तर सदस्य" चुने गये, वर्ष 2021.
- 2023 साहित्य की दुनिया का आस्कर कहलाने वाला पेन नोबोकोव लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। इस सम्मान को हासिल करने वाले एशिया के पहले व्यक्ति।
- 2024 का 59वां ज्ञान पीठ पुरस्कार समग्र साहित्य पर दिया।

inh न्यूज़
गुरुवार रात 7.55 बजे

### शुक्ल का जीवन संघर्ष, और सादगी की प्रेरक मिसाल



विनोद जी का जीवन संघर्ष, साधना और सादगी की प्रेरक मिसाल है। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे शुक्ल ने सीमित संसाधनों में अपनी प्रारंभिक और स्कूली शिक्षा 1950 के दशक में पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने कृषि विज्ञान का अध्ययन किया और बाद में अध्यापन से जुड़े।

-डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़

### विनोद कुमार शुक्ल जी छत्तीसगढ़ के गौरव



विनोद जी का जन्म हमारे प्रदेश राजनांदगांव में हुआ था। विनोद कुमार शुक्ल जी छत्तीसगढ़ के गौरव है। शुक्ल जी को साहित्य में योगदान के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। युवाओं को उनके साहित्य से प्रेरणा मिलती है।

-राजेश अग्रवाल
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

### पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ का मान बढाया



विनोद कुमार शुक्ल जी ने पूरे देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मेरे उनके साथ कॉलेज के जमाने से हैं। उनसे कई बार मिलना हुआ । उनकी विनम्रता और आत्मीयता उन्हे सबसे अलग बनाती थी । उन्हें साहित्य का ज्ञानपीठ पुरस्कार भी मिला।

-बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सांसद

### उनके व्यक्तित्व और विचार हम सबके लिए प्रेरणास्रोत



उनकी बाल्यावस्था राजनांदगांव में बीती। उसी मिट्टी में पले-बढ़े, वहीं से उन्होंने अपने संस्कार, सादगी और जीवन मूल्यों की नींव रखी। 89 वर्ष की आयु तक उन्होंने जो अमिट छाप छोड़ी, वह सचमुच एक मील का पत्थर है। उनका व्यक्तित्व, उनके विचार और उनके कर्म आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमें उनके सान्निध्य का अवसर मिला।

**-संतोष पांडे**, सांसद राजनांदगांव

### सादगी और अनुशासन भरा जीवन जिया



विनोद जी स्वभाव से बेहद शांत थे। वे कम बोलते, ज्यादा महसूस करते थे। जब भी कुछ लिखते, तो उसे अपने तक सीमित नहीं रखते थे। बड़े स्नेह से सबको पास बिठाकर अपनी रचना सुनाते थे। उन्हें दूध और मलाई बहुत पसंद थी। खाने-पीने में भी उनकी पसंद सादगी भरी लेकिन आत्मीय थी। घर के कामों में हाथ बंटाना उन्हें अच्छा लगता था। सब्जियां लाना, बैठकर काटना उन्हे पंसद था।

**-सुधा शुक्ल**, पत्नी

### कविता लिखने के लिए खास समय या जगह की जरूरत नहीं



दादा को कविता लिखने के लिए किसी खास समय और जगह की आवश्यकता नहीं होती थी। वे कहीं भी कभी भी कविता लिख लेते थे। भोर सुबह हो या आधी रात वे किसी भी समय कविता की पंक्तियां ध्यान में आते ही आसपास पड़े कागज या डायरी में लिख लेते थे। मेरी कोशिश है कि उनकी अप्रकाशित रचनाओं का संग्रह करने की है। वे प्रकृति के नजदीक थे।

**-शाश्वत गोपाल**, पुत्र

### बाबा पर बोलना अंतहीन किताब लिखने जैसा है



बाबा पर बोलना मेरे लिए अंतहीन किताब जैसा है वो हर वक्त मुझे याद आते हैं। कभी फोन गैलरी में उनकी फोटो देखते वक्त, कभी उनसे जुड़ी चीजें देखते वक्त वे हमेशा याद आते हैं। मैं सोचती हूं कि मैने अपना बचपन उनके साथ कितने अच्छे से बिताया। उन्होने मुझे बारहखड़ी सिखाई कविता के तौर पर पेड़ों के नाम याद करवाए थे। **-तरुण शाश्वती, पोती**

### विनोद जी का मेरे जीवन पर गहरा प्रभाव रहा



विनोद कुमार शुक्ल जी का मेरे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। उनसे मैंने केवल शब्दों की सुंदरता ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों की सच्ची परिभाषा भी सीखी है। शिक्षा के प्रति मेरा जुड़ाव उनकी ही प्रेरणा से हुआ।

-कुणाल शुक्ला, भतीजा

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com